दिन–बुधवार दिनांक– 22 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन अवधि को पांच वर्षों के लिए बढ़ाया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सफल अभियान ने लड़के–लड़कियों के बीच भेदभाव को दूर करने में मदद की है।

03. व्यापारी से वसूली मामले के आरोपी सारण जिले के मकेर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार बर्खास्त। एसपी ने दूसरे आरोपी चालक अनिल कुमार सिंह की भी सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में भीषण ठंड का प्रकोप जारी। छपरा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर और बेतिया में कोल्ड डे की स्थिति।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन अवधि को पांच वर्ष और बढ़ाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक में आज इस संबंध में प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में कैबिनेट फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जनता को मिल रहे फायदे के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

**———बाईट———**

श्री गोयल ने कैबिनेट के एक और महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने विपणन सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए कच्चे पटसन के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में प्रति क्विंटल तीन सौ पन्द्रह रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे जूट उत्पादक किसानों को काफी लाभ होगा।

**———बाईट———**

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के आज सफल दस वर्ष पूरे होने पर प्रसन्नता जताई है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में

कहा कि समाज के सभी वर्गो की भागीदारी से अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्त्री–पुरूष के बीच का अंतर कम हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस अभियान से उन जिलों में भी लडके–लडकियों के अनुपात में सुधार हुआ है जहां पारम्परिक रूप से इसमें काफी अंतर होता था। श्री मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें। एक रिपोर्ट –

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या रोकना, लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। पिछले 10 वर्षों में इस योजना से लड़के–लड़कियों के अनुपात में सुधार हुआ है, बालिकाओं के स्कूल में नामांकन में वृद्धि हुई है और भ्रूण हत्या तथा भेदभाव के खिलाफ समाज में जागरूकता बढ़ी है। साथ ही, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं के माध्यम से लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है। इस योजना ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सोच बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाचार कक्ष से करिश्मा राय।

———————————————————————————

इधर, इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में बेटियों के विकास को समर्पित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि सहकारिता आंदोलन की जड़े भारत की संस्कृति और प्राचीन परम्पराओं से जुड़ी हुई है। श्री खान ने आज पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में एक दिवसीय सहकारी चौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि एक दूसरे के सहयोग से ही बड़े लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर उन्होंने राजस्तरीय मेगा शिविर का उद्घाटर किया और सहकारी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बिहार एनडीए एकजुटता के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ रहा है। गोपालगंज में एनडीए सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि एनडीए के सभी पाँच घटक दल के बीच चट्टानी एकता कायम है।

———बाईट———

एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में जदूय के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोजपा रामविलास, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्षी दलों पर संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान का सम्मान करती है जबकि विपक्षी संविधान का अपमान करते है।

———बाईट———

————————————————————————————

सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक ने एक स्वर्ण व्यवसायी से बत्तीस लाख रुपये वसूली के मामलें में आरोपी मकेर थाना के तात्कालीन थाना अध्यक्ष रविरंजन कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। सारण के पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने इस कांड के दूसरे अभियुक्त गृहचालक अनिल कुमार सिंह की भी सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की है। यह घटना दस जनवरी की है।

————————————————————————————

बिहार संग्रहालय और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान—निफ्ट के बीच पटना में एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अनुसार शैक्षणिक, कलात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों में दोनों संस्थाएं परस्पर भागीदारी और सहयोग करेंगे। समझौता पत्र पर बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह और निफ्ट के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा ने हस्ताक्षर किये।

————————————————————————————

तेज पछुआ हवा के प्रवाह के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों के तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। रोहतास, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने कहा कि आज और कल छपरा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, बेतिया और वैशाली समेत राज्य के विभिन्न भागों में शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी। इसके साथ ही राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना है।

———बाईट———

————————————————————————————

इधर, भीषण ठंड के मद्देनजर किशनगंज में सभी स्कूलों में आठवीं कक्षा तक शैक्षणिक गतिविधियों को चौबीस जनवरी तक स्थगित कर दिया गया है। वहीं, मधुबनी के जिलाधिकारी ने आठवीं कक्षा तक के स्कूलों को पच्चीस जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिये है। पटना में आठवीं कक्षा तक के स्कूल कल तक बंद कर दिये गए है।

————————————————————————————

और अब खबर महाकुंभ से –

———म्यूजिक———

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में राष्ट्रीय स्तर की खादी प्रदर्शनी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। एक रिपोर्ट –

———बाईट———

महाकुंभ 2025 में खादी इंडिया मंडप खादी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए स्थानीय शिल्प, वस्त्र और स्वदेशी उद्योगों में भारत की समृद्ध विरासत को दर्शा रहा है। मंडप परंपरा, स्थिरता और शिल्प कौशल के एकीकरण पर प्रकाश डालता है, जो एकता को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करने में खादी की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है। महाकुंभ मेले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में स्थापित यह स्थानीय उद्योगों और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। इसमें कुल 152 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें 98 स्टॉल खादी उत्पादों और 54 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पादों के हैं। इस प्रदर्शनी में भारत के 20 से ज्यादा राज्यों के उत्पाद शामिल हैं, जिनमें कश्मीर से लेकर तमिलनाडु और महाराष्ट्र से लेकर नागालैंड तक के उत्पाद शामिल हैं। प्रयागराज से आनंद कुमार की रिपोर्ट के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज अररिया जिले में तीन सौ चार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने समाहरणालय के परमान सभागार में अधिकारियों के साथ परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

————————————————————————

पटना–गया मेमू सवारी गाड़ी, पटना–गया स्पेशल और किउल–गया सवारी गाड़ी का परिचालन आज से पुनः बहाल कर दिया गया है। पूर्व –मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र यह जानकारी दी।

————————————————————————

दो सदस्यीय केन्द्रीय टीम ने आज पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। टीम ने यहां केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न निःशुल्क सेवाओं की जांच की।

————————————————————————

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदी भौजी चौक के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आकर एक मोटसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

————————————————————————

बक्सर की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दोषी तीन सहोदर भाईयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

————————————————————————

मधेपुरा जिला में पुलिस ने वांछित और पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी राजू यादव और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद की गई है।

————————————————————————————

भोजपुर जिले के रहने वाले मशहूर समाजसेवी और पत्रकार भीम सिंह भवेश को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है।

————————————————————————————

बेगूसराय जिले के छौराही थाना क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी कर पचास हजार के ईनामी अपराधी दिलखुश उर्फ रजनीश को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————————

01. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन अवधि को पांच वर्षों के लिए बढ़ाया।
02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सफल अभियान ने लड़के–लड़कियों के बीच भेदभाव को दूर करने में मदद की है।
03. व्यापारी से वसूली मामले के आरोपी सारण जिले के मकेर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार बर्खास्त। एसपी ने दूसरे आरोपी चालक अनिल कुमार सिंह की भी सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की।
04. और, राज्य के अधिकतर भागों में भीषण ठंड का प्रकोप जारी। छपरा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर और बेतिया में कोल्ड डे की स्थिति।

————————————————————————————

समाप्त